**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–03.05.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना का किया शुभारंभ, कहा– राज्य में देश की बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित करने के लिए सरकार प्रयासरत।**
2. **झारखंड के 312 वोलेन्टिर्स और बीएलओ चुनाव आयोग के कांफ्रेंस में लेंगे भाग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा– साझा करेंगे अपने चुनाव के अनुभव।**
3. **सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा– भारत में मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की क्षमता, वेव्स शिखर सम्मेलन में सात वैश्विक फर्मों ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर।**
4. **कल होने वाली नीट परीक्षा को लेकर गाइडलाइन जारी, अनुचित साधनों के प्रयोग पर परीक्षा में बैठने पर तीन साल की लगेगी रोक।**
5. **फिलीपींस में 14वीं एशियन लॉन बॉल चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन , भारतीय टीम ने जीते 1 स्वर्ण, 1रजत और 3 कांस्य पदक।**

**समाचार विस्तार से**

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सरकार का प्रयास है कि राज्य के हर वर्ग, समाज, और तबके के लोगों तक सरकार की आवाज और योजनाएं पहुंचे। श्री सोरेन रांची के खेलगाव परिसर में मुख्यमंत्री अधिवक्ता स्वास्थ्य बीमा योजना के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में देश की बेहतरीन लॉ यूनिवर्सिटी स्थापित करने के लिए सरकार प्रयासरत है।

**********************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी राज्यों के निर्वाचन संबंधी पदाधिकारियों को नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में ट्रेनिंग देने का कार्य किया जा रहा है। इसी के क्रम में झारखंड के बीएलओ, वालेंटियर और बूथ जागरूकता समूह के 312 सदस्य की टीम अपने अनुभव साझा करेंगे।

**********************

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व कर सकता है। उन्होंने कहा कि कई वैश्विक कंपनियों ने इस संबंध में भारत के साथ काम करने की इच्छा जताई है। गूगल, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट सहित सात वैश्विक फर्मों ने आज मुंबई में वेव्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईसीटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आईआईसीटी की स्थापना 400 करोड़ रुपये की फंडिंग के साथ मुंबई में की जाएगी। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में आईआईसीटी आईआईटी और आईआईएम के समान मान्यता प्राप्त करेगा।

**********************

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने वेव्स में कम्युनिटी रेडियो सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते देशभर में हो रहे कम्युनिटी रेडियो के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी कम्युनिटी रेडियो किसी न किसी उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं और हमारी परंपरा को बढ़ावा दे रहे हैं। श्री मुरुगन ने 10वें राष्ट्रीय कम्युनिटी रेडियो पुरस्कार भी प्रदान किए।

**********************

खूंटी जिले में तजना नदी का पानी पाइपलाइन से कई गांवों के खेतों तक पहुंचाने की दिशा में प्रयास तेज किए जा रहे हैं। सांसद कालीचरण मुंडा ने लघु सिंचाई विभाग के अभियंता और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बाड़ी गांव और रानी फॉल का दौरा किया। सांसद ने अधिकारियों को सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया।

**********************

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा है कि झारखंड में खेती को व्यवसाय की तरह प्रॉफिट मॉडल पर काम करने की जरूरत है।ग्रामीण विकास मंत्री आज रांची में आयोजित ग्राम संसद झारखंड चैप्टर कांक्लेव में लोगों को संबोधित कर रही थी। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने मनरेगा समेत अन्य योजना के बकाया की राशि भुगतान को लेकर केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की जानकारी दी।

**********************

कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने रांची में बंद बेकन फैक्ट्री को पुनर्जीवित करने के लिए बहुत जल्द एमओयू होने की बात कही है। मंत्री ने नेपाल हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान ये जानकारी दी।

******************

तेलंगाना राज्य के नागरकुरनूल जिले के एसएलबीसी सुरंग हादसे में फंसे गुमला जिला के चार मजदूरों के परिजनों को आज गुमला समाहरणालय सभागार में पच्चीस – पच्चीस लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया।

******************

नीट यूजी 2025 परीक्षा कल दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने गाइडलाइन जारी की है। इसके अनुसार अनुचित संसाधनों के प्रयोग पर कार्रवाई की जाएगी और ऐसे अभ्यर्थियों को परीक्षा में बैठने पर तीन साल तक रोक रहेगी।

******************

लोहरदगा सिविल कोर्ट परिसर में विधिक जागरूकता सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुईं । इस दौरान विभिन्न विभाग द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान न्यायमूर्ति ने सिविल मामलों के खुद भी निगरानी करने की बात कही।

******************

कोडरमा के झुमरी तिलैया शहर में जाम की बढ़ती समस्या को देखते हुए पिछले एक सप्ताह से लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

******************

27 अप्रैल से 3 मई तक फिलीपींस के मनीला शहर में आयोजित 14वीं एशियन लॉन बॉल चौंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों की बदौलत भारतीय टीम ने 1 स्वर्ण, 1रजत और 3 कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम के एक मात्र स्वर्ण पदक जीतने में झारखंड की महिला जोड़ी रूपा रानी तिर्की और लवली चौबे महत्वपूर्ण भूमिका रही।

******************

भारतीय मौसम विभाग ने पूर्वी राजस्थान से लेकर पश्चिमी मध्य प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, बिहार तक घने बादल और बिजली गिरने की गतिविधि के साथ भारी तूफान की चेतावनी दी है। मौसम विभाग के अनुसारैर यह सिस्टम गंगीय पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ रहा है जिससे पूरे बेल्ट में ओलावृष्टि की भी संभावना है। इसे लेकर आवश्यक सावधानिया सुझाई गई हैं

**************